# देश की 14% एमएसएमई इकाइयां यूपी में

## मुख्य सचिव ने अंतरराष्ट्रीय व्यापार मेले में किया उत्तर प्रदेश मंडप का उद्घाटन

**अमर उजाला ब्यूरो**

लखनऊ। मुख्य सचिव राजेंद्र कुमार तिवारी ने नई दिल्ली स्थित प्रगति मैदान में आयोजित भारत अंतरराष्ट्रीय व्यापार मेले में उत्तर प्रदेश मंडप, हॉल नंबर-2 का रविवार को उद्घाटन किया। इस अवसर पर मुख्य सचिव ने कहा कि यूपी एमएसएमई इकाइयों के लिहाज से पहले नंबर पर है।

प्रदेश में कुल 89.99 लाख इकाइयां पंजीकृत हैं, जो देश की कुल पंजीकृत इकाइयों का 14.20 प्रतिशत है। निवेशकों को निवेश मित्र के माध्यम से निश्चित समय के भीतर सभी तरह की एनओसी दे दी जाती हैं। इसमें 72 घंटे का समय लगता है और 1000 दिनों तक किसी भी विभाग के निरीक्षण से मुक्ति भी मिलती है।

उन्होंने कहा कि वर्ष 2016-17 में केवल 28,136 करोड़ का ऋण एमएसएमई को दिया गया था। वहीं, वर्ष 2020-21 में 73,765 करोड़ रुपये का ऋण बांटा गया। इस तरह से पिछले साढ़े चार वर्षों में 2.5 गुना से अधिक वृद्धि हुई है। पिछले वित्त वर्ष में विभिन्न योजनाओं के माध्यम से 34,80,596 नई एमएसएमई इकाइयों को ऋण देकर लगभग 63 लाख से अधिक लोगों को रोजगार दिया गया।

भारत अंतरराष्ट्रीय व्यापार मेला-2021 की थीम इस वर्ष 'आत्मनिर्भर भारत' पर आधारित है। इसके लिए मेले में उत्तर प्रदेश को हॉल नंबर-2 में 2 हजार वर्ग मीटर स्थान आवंटित है। कार्यक्रम में अपर मुख्य सचिव एमएसएमई नवनीत सहगल, सीईओ ग्रेटर नोएडा नरेंद्र भूषण और सीईओ ग्रेटर नोएडा अथॉरिटी रितु महेश्वरी भी मौजूद रहीं।




**दिल्ली के प्रगति मैदान में 'आत्मनिर्भर भारत' पर आधारित भारत अंतरराष्ट्रीय व्यापार मेला-2021 का रविवार को शुभारंभ हो गया। मेले में इस बार यूपी का मंडप अयोध्या के राम मंदिर की तर्ज पर बना है।** फोटो : शुभम बंसल

### राममंदिर की तर्ज पर यूपी पवेलियन

नई दिल्ली। केंद्रीय वाणिज्य मंत्री पीयूष गोयल ने रविवार को प्रगति मैदान में अंतरराष्ट्रीय व्यापार मेला-2021 का रविवार को उद्घाटन किया। 27 नवंबर तक चलने वाले मेले में इस बार उत्तर प्रदेश और झारखंड को फोकस में रखा है। खास बात ये है कि यूपी पवेलियन राम मंदिर की तर्ज पर बना है और यह सबसे बड़ा पवेलियन है। प्रवेश द्वार राम मंदिर की आकृति का है। पवेलियन के अंदर दाहिनी ओर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की बड़ी तस्वीर है और बाईं ओर राम मंदिर की आकृति है। बीच में पीले रंग का कमल का पुष्प है।


**न्यायालय अपर जिला मजिस्ट्रेट (टी.जी.) / अपर कलेक्टर, लखनऊ**

दिनांक: 26 अक्टूबर 2021

संख्या - 212/रीडर-टी.जी./2021

**नोटीस**

1 श्री राज नारायन सिंह पता 3/4, विक्रांत खण्ड, गोमती नगर अपो. मिनी स्टेशन लखनऊ व मकान आनपार्ट ऑफ प्लाट नं. 4 ए आन खसरा नं. 180 मिन ग्राम खरगापुर, परगना लखनऊ।

2 अंजली सिंह पता 3/4, विक्रांत खण्ड, गोमती

**न्यायालय अपर जिला मजिस्ट्रेट (टी.जी.) उपर कलेक्टर, लखनऊ**

दिनांक : 26 अक्टूबर, 2021

संख्या - 211/रीडर-टी.जी./2021

**नोटिस**

1 श्री विश्वजीत गुप्ता पता 14/1138, इंदिरा नगर, लखनऊ व प्लाट ऑफ खसरा नं. 2 निजामुद्दीनपुर प्रियदर्शन, लखनऊ व सिद्धौर जैदपुर बाराबंकी।

2 अभिजीत गुप्ता पता 14/1138, इंदिरा नगर, लखनऊ।

एतदद्वारा आपको नोटिस दी जाती है कि दीवान